दिनांक 20.06.2024 समय 18.30

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- 10 वें अन्तराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रदेशभर में व्यापक तैयारी– जयपुर के सवाईमानसिंह स्टेडियम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम ।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा – महिलाओं को सम्मान और समानता के अवसर प्रदान करना राज्य सरकार का कर्तव्य।
- प्रदेश में आमजन की समस्याओं को जल्द निपटाने के लिए जिलों में जनसुनवाई के कार्यक्रमों का आयोजन
- राज्य के कई जिलों में तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश– आगामी 24 घंटों में जयपुर, कोटा, भरतपुर, अजमेर, उदयपुर और बीकानेर संभागों में कहीं–कहीं बारिश के आसार।

-------------------

10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कल मनाया जाएगा। इस बार अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वयं एवं समाज के लिए योग रखी गई है। इस अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम जयपुर के सवाई मानसिक स्टेडियम में आयोजित होगा। इसमें राज्यपाल कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द्र बैरवा शामिल होंगे। कार्यक्रम में सुबह 6 बजे से योगाभ्यास होगा। इसके साथ ही, जंतर–मंतर पर भी योगाभ्यास का आयोजन किया जाएगा, जिसे आयुष मंत्रालय और राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जंतर–मंतर पर सुबह 6 बजे से 9 बजे तक योगाभ्यास किया जाएगा ।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले आज भी प्रदेश में योग अभ्यास के कार्यक्रम हुए। बाड़मेर में ज़िला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में योगासनों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इस बीच जगह–जगह योगाभ्यास करवाया जा रहा है। ज़िला मुख्यालय के अलावा प्रत्येक ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे । ज़िला स्तरीय कार्यक्रम के लिए विभिन्न स्तरों पर टीमों का गठन किया गया है। ब्लॉक स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। बाडमेर में आज योग विषयक जागरूकता रैली भी निकाली गई। कोटा में रेल मण्डल की ओर से योग शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसके अलावा कोटा मण्डल आम जनता और रेल कर्मियों को योग के प्रति सोशल मीडिया, स्टेशन पर उद्घोषणा सिस्टम और बैनर के माध्यम से जागरूक कर रहा है। सवाईमाधोपुर जिले में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय समारोह पुलिस लाइन परेड मैदान में आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा उपखण्ड तहसील और ग्राम पंचायत मुख्यालय पर भी योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पाली में नगर परिषद द्वारा योग दिवस मनाने के लिये व्यापक तैयारियां की जा रही है। बूंदी में राजस्थान राज्य भारत स्काउट और गाइड की ओर से लगाये जा रहे कौशल विकास शिविर में

संभागियों को व्यक्तित्व विकास और सुदृढ स्वास्थ्य निर्माण में योग के महत्व से परिचित करवाया गया। योग के महत्व पर चर्चा करते हुए योग गुरू ढाकाराम ने कहा कि जितना जल्दी हो, योग को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।

-------------------

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री शर्मा ने कहा कि शारीरिक बल और मानसिक विस्तार व्यक्ति के विकास का आधार है। योग के माध्यम से व्यक्ति न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहता है। आज के समय में पूरी दुनिया योग को अपना रही है और योग दिवस वैश्विक स्तर पर मनाया जाता है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि वे योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि महिलाओं को सम्मान और समानता के अवसर प्रदान करना राज्य सरकार का कर्तव्य है। आत्मनिर्भर, सशक्त और शिक्षित महिलाएं ही प्रगतिशील समाज की पहचान है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तीकरण के लिए निर्णायक कदम उठाने और आधी आबादी को उनका हक देने के लिए कृतसंकल्पित है। श्री शर्मा आज मुख्यमंत्री निवास पर तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा में महिलाओं का आरक्षण 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत किए जाने के अवसर पर आयोजित अभिनंदन और आभार समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं ने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। राज्य सरकार युवाओं को सरकारी सेवा में रोजगार के समुचित अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। आगामी समय में चरणबद्ध तरीके से भर्ती परीक्षाएं आयोजित कर रिक्तियों को भरा जाएगा। साथ ही, जिन क्षेत्रों में युवाओं की आवश्यकता है, वहां रोजगार सृजित करते हुए उनकी भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि तृतीय श्रेणी अध्यापक भर्ती परीक्षा में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने के निर्णय से महिलाएं राजकीय प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अधिक संख्या में शिक्षण कार्य कर सकेंगी और अध्ययनरत बच्चों की ममत्व भाव से देखभाल भी कर सकेंगी।

-------------------

उपमुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि राज्य में पर्यटन के हेरिटेज स्वरूप और आधुनिक सुविधाओं से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने राजस्थान को पर्यटन के क्षेत्र में देश और दुनिया में अग्रणी राज्य बनाने के लिए संभावित उपायों पर काम करने के लिए पर्यटन विभाग को निर्देश दिए हैं। उपमुख्यमंत्री ने आज पर्यटन भवन में पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक में बोल रही थी। उन्होंने प्रदेश में पर्यटन की असीम संभावनाओं की दृष्टि से रात्रि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सुविधाएं विकसित करने तथा इसके लिए समग्र कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने जयपुर शहर तथा प्रदेश के अन्य पर्यटक स्थानों के हेरिटेज स्वरूप को कायम रखते हुए आधुनिक

पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने पर्यटन विभाग को इस वर्ष की पर्यटन गतिविधियों का कैलेंडर तैयार करने को भी कहा।

---------------------

प्रदेश में आमजन की समस्याओं के जल्द निपटारे के लिये जिलों में जनसुनवाई के कार्यक्रम हो रहे हैं। बालोतरा में आज जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलेक्टर सुशील कुमार यादव ने विभागीय अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। बूंदी में जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने जन सुविधा केन्द्र में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में आमजन की परिवेदनाएं सुनी। जनसुनवाई के दौरान जिला प्रमुख चन्द्रावती कंवर और जिला पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा भी मौजूद रहे। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि आमजन की वाजिब समस्या का अधिकारी तुरंत समाधान करें।

प्रतापगढ जिला कलेक्टर डॉ. अंजली राजोरिया ने छोटी सादड़ी के कायण्डा में रात्रि चौपाल का आयोजन किया। उन्होंने आमजन की समस्याओं को सुना। जिला कलेक्टर ने आमजन के लिए हैल्प डेस्क भी लगवाई गई ताकि उन्हें अपनी समस्याओं को पेश करने में असुविधा न हो। इस दौरान पेयजल, अतिक्रमण, बिजली सहित अन्य समस्याएं सामने लाई गई जिनके समाधान के लिए उन्होंने जिला अधिकारियों को निर्देश दिए। बाडमेर में जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलेक्टर निशांत जैन ने अधिकारियों को मौके पर ही लोगों की समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। हनुमानगढ जिला में जिला कलेक्टर कानाराम की अध्यक्षता में जिला और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी में जिला स्तरीय सुनवाई की गई। उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तर पर ही परिवादियों को संवेदनशीता से सुना जाए। अलवर और केकडी में भी जिला अधिकारियों ने आमजन की समस्याएं जानी।

---------------------

सर्वोच्च न्यायालय ने देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों में कथित नीट–यूजी पेपर लीक से जुड़े लंबित मामलों की सुनवाई पर आज रोक लगा दी। नीट परीक्षा आयोजित करने वाली राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी –एन टी ए की स्थानांतरण याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली अवकाश पीठ ने ये रोक लगाई। सुनवाई के दौरान एन टी ए के वकील ने बताया कि पिछले सप्ताह सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इसी तरह की स्थानांतरण याचिका पर नोटिस जारी किये जाने के बावजूद विभिन्न उच्च न्यायालयों में नीट–यूजी परीक्षा में अनियमितताओं के कई मामलों पर सुनवाई हो रही है। सर्वोच्च न्यायालय में स्थानांतरण याचिकाओं और परीक्षा रद्द करने की मांग वाली याचिकाओं पर 8 जुलाई को सुनवाई होगी।

---------------------

आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में तीन नये आपराधिक कानूनों के बारे में जागरुकता लाने के उद्देश्य से श्रृंखला चलायी जा रही है। इसके तहत आज हम आपको भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के एक अन्य महत्वपूर्ण प्रावधान के बारे में बता रहे हैं। इस प्रावधान के अनुसार यदि पीड़ित की एफआईआर दर्ज नहीं की गई है, तो पीड़ित को पुलिस अधीक्षक से सम्पर्क करने का

अधिकार है, जो स्वयं जांच कर सकते हैं या धारा 173 (4) के तहत निचले अधिकारी को जांच का निर्देश दे सकते हैं। यदि पुलिस अधीक्षक से सम्पर्क करने के बावजूद कोई अपराध अपंजीकृत रहता है, तो पीड़ित को धारा 175 (3) के तहत मजिस्ट्रेट के हस्तक्षेप की मांग करने का अधिकार है, जो पुलिस अधिकारी की दलील सुनने के बाद जांच का निर्देश दे सकता है।

--------------------

प्रदेश में आज कई स्थानों पर बारिश की फुहारों ने लोगों को गर्मी से राहत दिला दी है। राजधानी जयपुर में दोपहर 12 बजे बाद से ही कई इलाकों में हल्की बरसात शुरू हो गई। आमेर में बारिश से सड़को पर पानी भर गया। दौसा और इसके आसपास के इलाकों में आज दोपहर में आसमान में बादल घिर आए और रिमझिम बारिश शुरू हो गई। इस रिमझिम बारिश से मौसम सुहावना हो गया। सवाईमाधोपुर जिले में भी आज मौसम का मिजाज बदला और दोपहर में तेज हवाओं के साथ बरसात होने से लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली है। करौली और बूंदी में तेज हवाओं के साथ बूंदा–बांदी हुई। श्रीगंगानगर और आासपास के इलाकों में भी आज पानी बरसा। अलवर, चित्तौडगढ, अजमेर और धौलपुर में भी बारिश के समाचार हैं। इस बीच मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में जयपुर, कोटा, भरतपुर, अजमेर, उदयपुर और बीकानेर संभागों में कहीं–कहीं बारिश की संभावना जताई है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि कई स्थानों पर तेज अंधड के भी आसार हैं।

-------------------